Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय- हिन्दी व्याकरण

उपविषय : अनुच्छेद लेखन

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम अनुच्छेद लेखन यानि कि Paragraph writing के बारे में पढ़ेंगे। किसी भाव या विचार को व्यक्त के लिए लिखे गए सम्बद्ध और छोटे वाक्य-समूह को अनुच्छेद लेखन कहते हैं। दूसरे शब्दों में किसी घटना, दृश्य अथवा विषय को कम शब्दों में परन्तु अर्थ पूर्ण ढंग से जिस लेखन शैली में लिखा जाता है, उसे अनुच्छेद लेखन कहते हैं। अनुच्छेद निबंध का संक्षिप्त रूप है। इसमें किसी एक विषय पर अपने विचार व्यक्त किए जाते हैं। अनुच्छेद अपने आप में स्वतन्त्र और पूर्ण होते हैं।

बच्चो ! अनुच्छेद लिखते समय हमें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

* भाषा, सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली होनी चाहिए ताकि पढ़ने वाला अनुच्छेद से प्रभावित हो सके।
* अपनी बात को कम से कम शब्दों में कहने का प्रयास करें। एक ही बात को बार-बार न दोहराएं।
* शब्द सीमा को ध्यान में रखकर ही अनुच्छेद लिखें।

कक्षा - तीसरी
विषय- हिन्दी व्याकरण शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

* वाक्य छोटे परन्तु अर्थपूर्ण होने चाहिए।

बच्चो ! आज हम उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए एक अनुच्छेद लिखेंगे।

मेरी दादी जी

1. मेरी दादी जी का नाम श्रीमती ------ है।
2. वे साठ वर्ष की हैं।
3. उनके बाल सफ़ेद हो गए हैं।
4. वे रोज़ सवेरे जल्दी उठती हैं।
5. वे नहा कर भगवान की पूजा करती हैं।
6. उन्हें घूमना बहुत अच्छा लगता है।
7. हर साल वे मुझे मेरे जन्मदिन पर उपहार देती हैं।
8. शाम के समय वे मुझे बगीचे में लेकर जाती हैं।
9. घर के सभी सदस्य दादी जी का बहुत आदर करते हैं।
10. रात को सोने से पहले वे मुझे अच्छी-अच्छी कहानियाँ भी सुनाती हैं।
11. वे हम सबको बहुत प्यार करती हैं।
12. भगवान उन्हें लंबी आयु दे।

गृहकार्य

सभी छात्र इस अनुच्छेद को अपनी-अपनी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]